# Rajkiya Mahila Snatkottar Mahavidyalaya, Ghazipur

## College in News

**16.03.2023**

# नए जमाने में कौशल सीखें : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 45 वां वार्षिकोत्सव मेधा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह, सर्जना-2023 रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने महाविद्यालय की ओर से मिले प्यार और सम्मान के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को स्नातक एवं परास्नातक शिक्षा के पश्चात नए जमाने के कौशल सीखने पर जोर दिया, जिनसे उन्हें रोजगार प्राप्त मिल सके। आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान बनाने के लिए सभी आवश्यक सहायता एवं समर्थन देने के लिए सदैव तत्पर हैं।

वरिष्ठ साहित्यकार नीरूजा माधव ने उपस्थित छात्राओं एवं नारी शक्ति को विशिष्ट बताया। प्राचार्य डा. सविता भारद्वाज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिला दिवस पर सशक्त एवं विद्वत महिलाओं की उपस्थिति महाविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत प्रज्ञा रेंजर कलर पार्टी द्वारा हर्ष ध्वनि एवं पुष्प वर्षा के द्वारा किया गया।



छात्राओं को सम्मानित करती मुख्य अतिथि डीएम आर्यका अखौरी एवं वरिष्ठ साहित्यकार नीरजा माधव। संवाद

एनसीसी छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने अतिथियों का बैज, पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। संगीत की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय का कुलगीत और अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या मीडिया प्रभारी डॉ शिवकुमार ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की शोध निबंध पुस्तिका ''सुकृति'' तथा डॉ निरंजन कुमार यादव की आलोचनात्मक कृति ''कबीर की विरासत'' का विमोचन भी हुआ। इस मौके पर डा. बीडी मिश्रा, हिमांशु उपाध्याय, डा. सुशील कुमार तिवारी, जनपद स्काउट गाइड के दिनेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. विकास सिंह और डा. निरंजन कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया।

# گورنمنٹ پوسٹ گریجویٹ گرلس کالج میں سالانہ اجلاس، کتاب کا اجرا

غازیپور (محمد شوکت خاں) شہر کے مہوا باغ واقع گورنمنٹ پوسٹ گریجویٹ گرلس ڈگری کالج کا بدھ کے روز ۴۵ر ویں سالانہ جشن کا انعقاد کیا گیا۔ جس میں مہمان خاص کی حیثیت سے ضلع کے مشہور ومعارف مورخ، ادیب اور شاعر عبیدالرحمن صدیقی نے شرکت کی۔ اس موقع پر شعبہ ہندی کے ڈاکٹر نرنجن کمار یادو کی کبیر داس کے تنقیدی پہلوں پر مشتمل ایک کتاب کا مہمانان کے ہاتھوں رسم اجرء عمل میں آیا۔ پروگرام کی صدارت ڈگری کالج کی پرنسپل ڈاکٹر سویتا بھاردواج نے اور نظامت شعبہ تاریخ کے صدر ڈاکٹر وکاس سنگھ اور ڈاکٹر نرنجن یادو نے مشترکہ طور پر کی۔ اس موقع پر اپنے تاثرات کا اظہار کرتے ہوئے عبیدالرحمن صدیقی نے کہا کہ کبیر داس موجودہ دور میں بھی اتنی ہی اہمیت کے حامل ہیں، جتنی اس سے قبل کے دور میں و اپنے دور میں رہے ہیں۔ انہوں نے کہا کہ کبیر داس کی کویتاؤں کے تنقیدی پہلوں پر تنقید نگاروں نے اپنے اپنے نظریہ کے مطابق تنقیدی کتابیں تصنیف کی ہیں۔ جو کبیر داس کی کویتاؤں کو سمجھنے میں معاون ثابت ہوتی رہیں ہیں، اسی زمرے میں ڈاکٹر نرنجن کمار یادو کی یہ کتاب بھی شامل ہو گئی ہے۔ یہ کتاب بھی زیر تعلیم بچوں کے لئے معاون ثابت ہوگی۔ اس موقع پر بنارس ریڈیو اسٹیشن کی سابق ڈائرکٹر محترمہ نیرجا مادھو نے اپنے خصوصی خطاب میں کہا کہ قدیم دور میں تہذیب نے خواتین کو باعزت زندگی گزارنے کے جو اصول مرتب و منتخب کئے ہیں، انہیں زیر تعلیم طالبات کو اختیار کرنا چاہئے، جو انہیں خود مختار ہونے کا طریقہ بھی سیکھاتا ہے۔ اس موقع پر ڈگری کالج کی پرنسپل پروفیسر سویتا بھاردواج نے سالانہ جشن میں شریک مہمانان کا شکریہ ادا کیا۔ ڈاکٹر شیو کمار نے این ایس ایس کی خواتین ٹیم کے ساتھ مہمانان کا استقبال کیا۔ اس موقع پر صحافی ہمانشو یادھیائے، ڈاکٹر سنگیتا موریہ، ڈاکٹر سانتن کمار، ڈاکٹر رینکا یادو وغیرہ موجود رہیں۔



**کتاب کا اجراء کرتے ہوئے عبیدالرحمن صدیقی ودیگر**

Rajkiya Ma

## चेतना महोत्सव-२०२३ की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज की नगर के स्वामी विवेकानंद कालोनी स्थित संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी के आवास पर हुई बैठक में रायल पैलेश वंशी बाजार में १९ मार्च को आयोजित गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह (चेतना महोत्सव-२०२३) की तैयारियों पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया। संस्था के संस्थापक ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंदेश कुमार होगें। अध्यक्षता लोक गायन के क्षेत्र में पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव होगी। साचेस के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने कार्यक्रम में संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा।

# समीना को सर्वोत्तम रेंजर्स, दिशा को बेस्ट कैडेट पुरस्कार

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, निबंध, लोकनृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने परास्नातक की विभिन्न विषय की टापर छात्रा शिप्रा राय, साधना यादव, शीलु किरण, नौरीन अख्तर को श्री ताराचंद्र मेमोरियल स्वर्ण पदक, पांच हजार नगद पुरस्कार तथा पूजा यादव, सिल्की सिंह, ज्योति वर्मा को श्री शिवमूरत पाठक सम्मान पुरस्कार एवं ५१ सौ रूपया नगद प्रदान किया। रेंजर लीडर जयंती जैन को प्रो. सरस्वती सिंह प्रतिभा पदक तथा रेंजर दामिनी चौधरी को प्रो. अशोकचंद सिंह सांस्कृतिक उत्कृष्टा पदक प्रदान किया गया। इसी क्रम में सर्वोत्तम रेंजर का पुरस्कार समीना, सर्वोत्तम रासेयो स्वयंसेवक सत्या कुमारी, एनसीसी बेस्ट केडर दिशा राय के साथ ही डा. उमाशंकर प्रसाद, डा. राजेश कुमार यादव, डा. शिखा सिंह को सजना सम्मान २०२३ प्रदान किया गया।




राजकीय महिला पीजी कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। छाया-आज

# महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर रामधुन का गायन-वादन किया

संवाद न्यूज एजेंसी

16 मार्च 2023, p5.

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठें दिन आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महात्माओं को याद करते हुए रैली निकाली गई।

प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। नारा लगाते हुए छात्राएं आमघाट सहकारी कालोनी स्थित गांधी पार्क पहुंची जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया एवं रामधुन का वादन-गायन किया।

इसके बाद मिश्रबाजार चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चौराहे की साफ-सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



आमघाट स्थित गांधी पार्क में रैली निकालती राजकीय महिला पीजी कालेज की छात्राएं। संवाद

संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डा. सारिका सिंह ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया। डा. शशिकला ने कहा कि आप सभी अपने जीवन में जो भी करें उसे पूरे मन एवं लगन से करें। स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित यादव, संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. गजनफर सईद एवं डा. संगीता मौर्य ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा. उमाशंकर प्रसाद, डॉ. विकास सिंह, डा. शिवकुमार आदि उपस्थित थे। स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा जल-संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई। जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता में अमन कुमार, कृष्ण कुमार, साहिल शर्मा, दिव्यांश यादव, जन्मेजय यादव, संजना जायसवाल और अनीशा सिंह ने भाग लिया। दिव्यांश यादव ने जल संरक्षण के विषय पर मॉडल भी प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महात्माओं को याद करते हुए निकाली रैली

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. शिवशंकर यादव ने कहा कि भविष्य में जल की कमी की समस्या को सुलझाने के लिए जल बचाना ही जल संरक्षण है। जमानिया संवाददाता के अनुसार हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष शिविर के छठे दिन स्वयं सेवक-सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के क्रीड़ा क्षेत्र की साफ-सफाई किया।


# महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर रामधुन का गायन-वादन किया

संवाद न्यूज एजेंसी

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठें दिन आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महात्माओं को याद करते हुए रैली निकाली गई।

प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। नारा लगाते हुए छात्राएं आमघाट सहकारी कालोनी स्थित गांधी पार्क पहुंची जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया एवं रामधुन का वादन-गायन किया।

इसके बाद मिश्रबाजार चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चौराहे की साफ-सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।





आमघाट स्थित गांधी पार्क में रैली निकालती राजकीय महिला पीजी कालेज की छात्राएं। संवाद

संगोष्ठी की मुख्य वक्ता डा. सारिका सिंह ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया। डा. शशिकला ने कहा कि आप सभी अपने जीवन में जो भी करें उसे पूरे मन एवं लगन से करें। स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित यादव, संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. गजनफर सईद एवं डा. संगीता मौर्य ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा. उमाशंकर प्रसाद, डॉ. विकास सिंह, डा. शिवकुमार आदि उपस्थित थे। स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा जल-संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई। जल संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता में अमन कुमार, कृष्ण कुमार, साहिल शर्मा, दिव्यांश यादव, जन्मेजय यादव, संजना जायसवाल और अनीशा सिंह ने भाग लिया। दिव्यांश यादव ने जल संरक्षण के विषय पर मॉडल भी प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महात्माओं को याद करते हुए निकाली रैली

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. शिवशंकर यादव ने कहा कि भविष्य में जल की कमी की समस्या को सुलझाने के लिए जल बचाना ही जल संरक्षण है। जमानिया संवाददाता के अनुसार हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष शिविर के छठे दिन स्वयं सेवक-सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के क्रीड़ा क्षेत्र की साफ-सफाई किया।


## दिलदारनगर ने ट्रॉफी

## 24 तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

बारा। जनलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण से वंचित पांच

शिकायत की है। ... के जरिए गायब कर दिया गया है।

# स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

15 मार्च 2023

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम अधिकारी डा. संगीता मौर्य ने योगाभ्यास कराया।

स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन, सावित्री बाई फुले सभागार की साफ-सफाई का अभियान चलाया।

प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने स्वयं छात्राओं के साथ इस स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। शाम की संगोष्ठी के अतिथि वक्ता डा. उमाशंकर प्रसाद ने रासेयो को युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि योजना युवाओं को अपने देश, समाज और पर्यावरण के साथ जोड़ने का कार्य करती है। स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित यादव एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. गजनफर सईद ने किया।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा स्वच्छता अभियान पर जन जागरुकता प्रभात फेरी निकाली गई। जमानिया संवाददाता के अनुसार हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा 'शास्त्री' के संरक्षकत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवक-सेविकाओं ने स्टेशन की साफ-सफाई की।

बहादुरगंज संवाददाता के अनुसार गोपीनाथ पीजी कालेज में स्वयंसेवक, स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत और प्रार्थना से सुबह की शुरुआत कर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। मुख्य अतिथि गोपीनाथ फार्मेसी कालेज के प्राचार्य शुभम यादव रहे।